दिनांक: 03.10.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थियों का आह्वान किया – वे उच्चतम नैतिक मूल्यों को अपने व्यवहार और कार्यशैली का हिस्सा बनायें।
- सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।
- शारदीय नवरात्र आज से शुरू–घरों और मन्दिरों में घट स्थापना के साथ ही नौ दिन चलने वाले विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन।
- प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर बारिश का दौर थमने के बाद कई जिलों में पारा चढ़ा।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे उच्चतम नैतिक मूल्यों को अपने व्यवहार और कार्यशैली का हिस्सा बनायें। उन्होंने कहा कि वे जीवन में ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे उनके चरित्र पर कोई लांछन लगे। श्रीमती मुर्मू अपने दो दिवसीय राजस्थान दौरे के पहले दिन आज उदयपुर के मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडर का मानना था कि चरित्र, शिक्षा से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उनके जीवन के हर पहलू में इंटीग्रिटी होनी चाहिए। उनका हर कार्य न्यायपूर्ण और नीति संगत होना चाहिए।

0000

राष्ट्रपति ने कहा कि 21वीं सदी में हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ये बदलाव ज्ञान, विज्ञान और टेक्नोलोजी के क्षेत्र में भी हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ऐसे समय में उन्हें शिक्षा की उपयोगिता बनाये रखने के लिए स्टूडेंट स्पिरिट को बनाये रखना होगा। श्रीमती मुर्मू ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि उन्हें व्यक्तिगत महत्वरकांक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता में संतुलन बनाकर आगे बढना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह राष्ट्रीय लक्ष्य युवा पीढी के योगदान से ही हासिल किया जा सकेगा। श्रीमती मुर्मू ने प्रसन्नता व्यक्त की कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ रही हैं जो देश और समाज के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाउ बागडे ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र के विकास और समृद्धि में करना चाहिए।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और राज्य के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति कल माउंट आबू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। राष्ट्रपति बांसवाड़ा के मानगढ धाम में आदि गौरव सम्मान समारोह में भी शामिल

होंगी। हमारे बांसवाड़ा संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्दे नजर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं।

0000

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट का आज शुभारंभ किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए आठ सौ करोड रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024–25 में सवा लाख इंटर्नशिप देने का का है। इस योजना का कार्यान्वयन ऑनलाइन पोर्टल पी एम इंटर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से किया जाएगा। उम्मीदवार इस महीने की 12 से 25 तारीख तक इस पोर्टल पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप की अवधि बारह महीने की होगी। 21 से 24 वर्ष की उम्र के ऐसे युवा जो कहीं पूर्णकालिक कार्य और किसी शिक्षण संस्थान में नियमित पाठ्यक्रम में पंजीकृत नहीं हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इंटर्नशिप करने वालों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसमें से साढे चार हजार रुपये सरकार तथा पांच सौ रुपये कंपनी देगी। इसके अतिरिक्त कारपोरेट कार्य मंत्रालय इंटर्नशिप करने वाले प्रत्येक युवा को छह हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि भी देगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सरकार के पहले 100 दिनों में वाणिज्य विभाग द्वारा की गई कुछ पहलों के बारे में बता रहे हैं।

निर्यातकों को सशक्त करने के लिये ट्रेड कनेक्ट ई–प्लेटफ़ॉर्म की शुरूआत की गई है। इससे 6 लाख से अधिक आयात–निर्यातक कोड धारकों, 185 भारतीय मिशन अधिकारियों और निर्यात संवर्धन परिषद के 600 से अधिक सदस्यों को विदेश व्यापार महानिदेशालय कार्यालयों से जोड़ा गया है। सरकार ने निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम निर्यातकों के लिए बढ़ा हुआ बीमा कवर पेश किया है, जिससे लगभग 10 हजार निर्यातकों को लाभ होगा।

स्व–प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक बैंक रियलाइज़ेशन सर्टिफिकेट प्रणाली की शुरुआत की गई है। ई–कॉमर्स निर्यात केंद्र के माध्यम से लघु और मध्यम उद्यम निर्यातकों को दुनिया से जुड़ने का मौका मिलेगा। सरकारी ई मार्केट प्लस पोर्टल के लिए लेन–देन लागत कम की गई है। वाणिज्य विभाग ने एक अभूतपूर्व पहल में, दुबई में भारत मार्ट की स्थापना की है। इसके अलावा सरकार ने जनसुनवाई शुरू करके व्यापार करने में सुगमता को और बढ़ाया है।

0000

शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गये हैं। इस मौके पर घरों और मन्दिरों में घट स्थापना के साथ ही नौ दिन चलने वाले विशेष धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। नवरात्रि पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में मेला भर रहा है। 13 अक्टूबर तक चलने वाले मेले को देखते हुए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। बांसवाडा के त्रिपुर सुंदरी मंदिर में अलसुबह मंगला आरती की गई

और घट स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। बीकानेर के देशनोक में करणी माता मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है।

सीकर में जींण माता के मेले और करौली के कैलादेवी में भर रहे मेले में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। चूरू में इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। प्राचीन दुर्गा शक्ति मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा की विशेष आरती की गई। सिरोही जिले में देवी मन्दिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। देर शाम विभिन्न स्थानों पर गरबा महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। झालावाड़ जिले में प्रसिद्ध राता, देवी दुधाखेडी और मिश्रोली के माता मन्दिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी हैं। इन तीनों स्थानों पर नवरात्रि मेले भी आज से शुरू हुए। जिले में जगह–जगह गरबा के आयोजन भी हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित चौथ माता के मन्दिर में भी सुबह से शुरू हुआ भक्तों के आने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहीं हमारे चित्तौडगढ संवाददाता ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन मन्दिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। दुर्ग स्थित कालिका मन्दिर के बाहर आधी रात से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई।

0000

प्रदेश में आज अग्रसेन जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। जयपुर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली गई। झालावाड़ में भी महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई और विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। बालोतरा में निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं और बालिकाओं ने कई करतब दिखाए। शोभायात्रा का शहर में जगह–जगह स्वागत भी किया गया।

0000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर बारिश का दौर थमने के बाद कई जिलों में पारा बढने लगा है। कुछ स्थानों पर पारा 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अभी भी राज्य से मानसून की पूरी तरह वापसी नहीं हुई है। केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो दिन में मानसून के लौटने की संभावना है। प्रदेश में अगले दो–तीन में तापमान में भी बढोतरी होने के आसार हैं। कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

इस बीच, जल संसाधन विभाग ने प्रदेश के बांधों में आए पानी का आंकड़ा जारी किया है। राज्य के बांधों में कुल भराव क्षमता का 87 दशमलव 43 प्रतिशत पानी आ गया है। बांसवाड़ा संभाग के बांधों में 97 दशमलव 89 प्रतिशत, कोटा संभाग के बांधों में 94 दशमलव 11 फीसदी पानी आ गया है। जयपुर संभाग के बांधों में 80 दशमलव 94 प्रतिशत, जोधपुर संभाग के बांधों में 73 दशमलव 53 प्रतिशत पानी आया है। उदयपुर संभाग के बांधों में अब तक 72 दश्मलव 88 फीसदी पानी भर चुका है। इस मानसून अब तक 406 बांध लबालब हो चुके हैं।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। 2014 में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार

साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

0000

राजसमंद के कुंवारिया कस्बे में आज पांच दिन का पशु मेला शुरू हुआ। पंचायत समिति प्रधान अरविन्द सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचायत समिति के अधिकारियों ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। ये मेला जोहिड़ा भेरूजी के मेले के नाम से भी प्रसिद्ध है। कुंवारिया के मेला ग्राउंड में पिछले 63 साल से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

0000

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम में आज जैसलमेर में नवजात बेटियों की माताओं को नारियल, बधाई संदेश और बेबी किट देकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। जिला कलेक्टर ने माताओं से रू–ब–रू होते हुए उनसे बेटियों की अच्छी परवरिश और शिक्षा देने की अपील की।

0000